प्रेस नोट दिनांक 26.10.2024 जनपद प्रतापगढ़

थाना लालगंज, जनपद प्रतापगढ़

थाना लालगंज पुलिस टीम द्वारा 01 किलो 350 ग्राम अवैध गांजा के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार का अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ कड़ा एक्शन,

प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही जारी

एनडीपीएस एक्ट के अभियोग से संबंधित 01 अभियुक्त गिरफ्तार

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 1 किलो 350 ग्राम अवैध गांजा बरामद

थाना लालगंज पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम मकदूमपुर/छावनी के पास से अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री संजय राय एवं क्षेत्राधिकारी लालगंज श्री रामसूरत सोनकर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना लालगंज के प्रभारी निरीक्षक श्री नीरज कुमार यादव के नेतृत्व में दिनाँक 25.10.2024 को उ0नि0 श्री विवेक कुमार यादव मय हमराह उ0नि0 श्री कबीर दास, हे0का0 जाहिद हुसैन, का0 राहुल व का0 सुमित द्वारा देखभाल क्षेत्र के दौरान, थाना लालगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मकदूमपुर/छावनी के पास से 01 व्यक्ति रज्जन सिंह पुत्र स्व0 माधव सिंह निवासी ग्राम अगई खास थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ को 1 किलो 350 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त रज्जन सिंह पुत्र स्व0 माधव सिंह निवासी ग्राम अगई खास थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ से 1 किलो 350 ग्राम अवैध गांजा बरामदगी के आधार पर थाना लालगंज में मु0अ0सं0- 450/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
1- रज्जन सिंह पुत्र स्व0 माधव सिंह निवासी ग्राम अगई खास थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-
उ0नि0 श्री विवेक कुमार यादव मय हमराह उ0नि0 श्री कबीर दास, हे0का0 जाहिद हुसैन, का0 राहुल व का0 सुमित थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़।

थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़

आगामी त्योहारों के दृष्टिगत थाना आसपुर देवसरा पुलिस व फूड विभाग की संयुक्त टीम की बडी कार्यवाही-

फूड विभाग तथा क्षेत्राधिकारी पट्टी महोदय की मौजूदगी में कराया गया नष्ट-

भोला शिव फैक्ट्री से बड़ी मात्रा में नकली और घटिया सामग्री से बनाए गए विभिन्न प्रकार की मिठाइयों को कराया गया नष्ट-

विवरण-
सोनू जायसवाल पुत्र त्रिवेणी प्रसाद निवासी बलुवई थाना बदलापुर जनपद महाराजगंज व फैक्ट्री के मालिक दीपक जायसवाल पुत्र त्रिवेणी प्रसाद द्वारा किराये पर लेकर थाना आसपुर देवसरा क्षेत्रान्तर्गत कस्बा ढकवा में गोदाम में नकली व घटिया मिठाई बनायी जा रही थी। नकली और घटिया सामग्री की मिठाईया कुल 1372 कि0ग्रा, अनुमानित कीमत 1,37,200/-रूपये थी। उक्त मिठाइयां आगामी त्योहारों के मध्य नजर बनाई गई थी। फूड विभाग द्वारा आवश्यक सैंपलिंग की गई।

थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डा0 अनिल कुमार का अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ कड़ा एक्शन,
प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही जारी
दहेज हत्या के अभियोग से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार
थाना अन्तू पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को पश्चिमी फाटक रेलवे स्टेशन अन्तू के हनुमान मन्दिर के चबूतरे से गिरफ्तार किया गया

घटना का संक्षिप्त विवरण-
दिनांक 25.07.2024 को वादी की प्राप्त तहरीर के आधार पर अरोपी के विरुद्ध दहेज हत्या का अभियोग थाना अन्तू में मु0अ0सं0 436/2024 धारा 85, 115(2), 80 बीएनएस व धारा 3/4 डीपी एक्ट बनाम 04 अभियुक्त/अभियुक्ता का अभियोग पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री शिवनारायण बैस के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक अन्तू आनन्द भदौरिया के नेतृत्व में उ0नि0 अंकित सिंह मय हमराह कां0 बौद्ध प्रकाश, कां0 अनिल यादव थाना अन्तू द्वारा अभियुक्त भईयाराम वर्मा पुत्र पांचूराम वर्मा निवासी भवानीपुर थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ को दिनांक 26.10.2024 को पश्चिमी फाटक रेलवे स्टेशन अन्तू के हनुमान मन्दिर के चबूतरे से गिरफ्तार किया गया।
अभियुक्त भईयाराम वर्मा पुत्र पांचूराम वर्मा को विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान मु0अ0सं0 436/2024 धारा 85, 115(2), 80 बीएनएस व धारा 3/4 डीपी एक्ट में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष अग्रिम कार्यवाही हेतु पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
अभियुक्त भईयाराम वर्मा पुत्र पांचूराम वर्मा निवासी भवानीपुर थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़।

गिरफ्तार करने वाली टीमः-
उ0नि0 अंकित सिंह मय हमराह कां0 बौद्ध प्रकाश, कां0 अनिल यादव थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़।